संदेश

प्रिय साथियों ! हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं ।

भाषा, किसी भी राष्ट्र की सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर की संवाहिका होती है। भाषाएँ हमारी संस्कृति की अप्रतिम विरासत हैं। 'हिंदी' भारत से सबसे बड़े भूभाग में बोली और समझी जाने वाली भाषा है। हिंदी भाषा को भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था। इस पावन दिवस की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। हिंदी भारत की विभिन्न भाषाओं के बीच प्रेम, भाईचारा तथा राष्ट्रीयता का संचार करती है। अपनी इन विशेषताओं के कारण हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया। महात्मा गांधी जी ने राजभाषा हिंदी को राष्ट्रीयता के साथ जोड़ा था। हमारे आजादी के आंदोलन के तीन स्तंभ थे, स्वभाषा, स्वदेशी और स्वराज। स्वराज की कल्पना व स्वदेशी के संस्कार से उत्पन्न हुई स्वभाषा। आजादी के आंदोलन की यदि कोई सशक्त नींव थी, तो वह स्वभाषा ही थी। इस वर्ष सीसीएल में 'आज़ादी के अमृत महोत्सव' अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों का उद्देश्य है कि हमारे कार्मिक राजभाषा के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति सजग, प्रेरित एवं संवेदनशील हों तथा अपनी संकल्प शक्ति से अपना कार्यालयीन कार्य हिंदी में करने के लिए दृढ़-प्रतिज्ञ हों।

आधुनिक युग सूचना प्रौद्योगिकी का युग है। भाषा के क्षेत्र में कम्प्यूटर तथा अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरणों का प्रयोग बढ़ा है। इनके बढ़ते प्रयोग ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए विपुल संभावनाओं के द्वार खोले हैं। सूचना-क्रांति के इस दौर में हिंदी के विभिन्न ई-टूलों के माध्यम से कार्यालयीन कार्य सुगम हुआ है। हमारा उद्देश्य सीसीएल में हिंदी का प्रचार-प्रसार तथा विकास की गति को बढ़ाते हुए गृह-मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करना है।

आज हिंदी दिवस के इस पावन अवसर पर सीसीएल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से मेरी अपेक्षा है कि वे अपना कार्यालयीन काम राजभाषा हिंदी में करने के उत्तरदायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करते हुए यह संकल्प लें कि हम अपने इस राष्ट्रीय कर्तव्य का निश्चयपूर्वक पालन करेंगे और अधिक से अधिक मूल कार्य हिंदी में संपादित कर अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

हिंदी दिवस के अवसर पर मैं सीसीएल के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पुन: हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

शुभकामनाओं सहित।

पी.एम. प्रसाद

पी.एम. प्रसाद

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड